भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1508

20 सितम्बर, 2020 को उत्तरार्थ

विषय: कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी योजना के लिए वित्तपोषण

1508. श्री राजमोहन उन्नीथनः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (एटीएमए) योजना के तहत केरल राज्य को कोई धन आवंटित किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) आवंटित राशि से केरल राज्य को अब तक कितनी राशि जारी की गई है; और

(ग) एटीएमए योजना के अंतर्गत केरल राज्य में शामिल एनजीओ का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेंद्र सिंह तोमर)

(क) जी, हां। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कृषि तकनीकी प्रबंधन एजेंसी (आत्मा) योजना के तहत केरल राज्य को 11.39 करोड़ रूपए (केंद्रीय अंश) आवंटित किए हैं।

(ख) वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान केरल सरकार को आवंटित निधि अर्थात 11.39 करोड़ रुपये का पूरा केंद्रीय अंश जारी किया गया था।

(ग) केरल राज्य सरकार ने सूचना दी है कि आत्मा योजना के तहत राज्य में कोई भी गैर सरकारी संगठन जुड़ा नहीं हैं।

****